# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination (2018 – 2019)

**Class: VIII** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 3 Hrs.**

Name: ____________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं– 'क' , 'ख', 'ग' और 'घ' ।

(2) चारों खण्ड अनिवार्य हैं।

(3) प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।

(4) उत्तर–पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न–पत्र में दी गई है।

(5) निर्धारित समय–सीमा 3.00 +15 घंटे हैं।

---

**(खण्ड–क)**

**प्र0 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1+1+2+2+2)**

पशु को बाँधकर रखना पड़ता है, क्योंकि वह निरंकुश है, चाहे जहाँ–तहाँ चला जाता है, इधर–उधर मुँह मार देता है। क्या मनुष्य को भी इसी प्रकार दूसरों का बंधन स्वीकार करना चाहिए ? क्या इससे उसमें मनुष्यत्व रह पाएगा ? पशु के गले की रज्जु को एक हाथ में पकड़कर और दूसरे हाथ में एक लकड़ी लेकर उसे जहाँ चाहो हाँककर ले जाओ। जिन लोगों को इसी प्रकार हाँके जाने का स्वभाव पड़ गया है, जिन्हें कोई भी जिधर चाहे ले जा सकता है, लगा सकता है, उन्हें भी पशु ही कहा जाएगा। पशु को चाहे जितना मारो, चाहे जितना उसका अपमान करो, बाद में खाने को दे दो, वह पूँछ और कान हिलाने लगेगा। ऐसे नर–पशु भी बहुत–से मिलेंगे जो कुचल जाने पर, अपमानित होने पर भी ज़रा–सी वस्तु मिलने पर चट संतुष्ट और प्रसन्न हो जाते हैं। कुत्ते को कितने ही ताड़ना देने के बाद उसके सामने एक टुकड़ा डाल दो, वह झट से मार–पीट को भूलकर उसे खाने लगेगा। यदि हम भी ऐसे ही हैं तो हम कौन हैं, इसे स्पष्ट कहने की आवश्यकता नहीं। पशुओं में भी कई पशु मार–पीट और अपमान को नहीं सहते। वे कई दिन तक निराहार रहते हैं। कई पशुओं ने तो प्राण त्याग दिए, ऐसा सुना जाता है। पर इस प्रकार के पशु मनुष्य कोटि के हैं, उनमें मनुष्यत्व का समावेश है, यदि ऐसा कहा जाए तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी।

क) 'मनुष्यत्व' शब्द में मूल शब्द एवं प्रत्यय पृथक कीजिए।

ख) किन स्थितियों में मनुष्य में 'मनुष्यत्व' नहीं रहता है ?

ग) लेखक ने नर–पशुओं की क्या विशेषताएँ बताई है ?

घ) लेखक ने किस प्रकार के पशु को मनुष्य–कोटि में रखा है ?

ङ) पशु को बाँधकर क्यों रखा जाता है ?

**प्र0 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1+1+1+2+2)**

चिलचिलाती धूप को जो चाँदनी देवें बना।<br>
काम पड़ने पर करें जो शेर का भी सामना।<br>
जो कि हँस–हँस के चबा लेते हैं लोहे का चना।<br>
है कठिन कुछ भी नहीं जिनके है जी में यह ठना।।<br>
कोस कितने ही चलें पर वे कभी थकते नहीं।<br>
कौन–सी है गाँठ जिसको खोल वे सकते नहीं।।

संकटों से वीर घबराते नहीं आपदाएँ देख छिप जाते नहीं।
लग गए जिस काम में पूरा किया, काम करके व्यर्थ पछताते नहीं।
हो सरल या कठिन हो रास्ता, कर्मवीरों को न इससे वास्ता।
बढ़ चले तो अंत तक ही बढ़ चले, कठिनतर गिरिश्रृंग ऊपर चढ़ चले।।

क) इस काव्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

ख) संकटों से कौन नहीं घबराता ?

ग) 'गिरि' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

घ) चिलचिलाती धूप को चाँदनी बनाने का क्या अर्थ है ?

ङ) असंभव को संभव बनाने के लिए किस गुण की आवश्यकता होती है ?

**(खण्ड–ख)**

**प्र0 3 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** **(1X4=4)**

क) 'भौगोलिक' शब्द के मूल शब्द और प्रत्यय पृथक कीजिए।

ख) 'इयल' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

ग) 'ग़ैरज़िम्मेदार' शब्द से उपसर्ग पृथक कर बताइए कि वह किस भाषा का उपसर्ग है।

घ) 'असामाजिक' शब्द में से उपसर्ग, मूलशब्द व प्रत्यय पृथक कीजिए।

**प्र0 4 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** **(1X4=4)**

क) द्वंद्व समास का एक उदाहरण लिखकर उसका विग्रह कीजिए।

ख) 'पंचवटी' का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

ग) 'राजकुमार' का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

घ) 'डाल पर चिड़ियाँ बैठी हैं।' इस वाक्य का वचन बदलकर पुनः लिखिए।

**प्र0 5 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** **(1X4=4)**

क) '<u>कवयित्री</u> कविता लिखती है।' रेखांकित पद का लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए।

ख) 'मोहन <u>सोहन से</u> कमज़ोर है।' रेखांकित पद में कौन–सा कारक है ?

ग) संख्यावाचक विशेषण का एक वाक्य बनाकर उदाहरण लिखिए।

घ) दादा जी बाज़ार से <u>एक दर्जन</u> केले लाए। रेखांकित पद में विशेषण का भेद पहचान कर लिखिए।

**प्र0 6 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** **(1X4=4)**

क) 'अध्यापक ने बच्चों को हिंदी पढ़ाया।' कर्म के आधार पर क्रिया भेद लिखिए।

ख) प्रेरणार्थक क्रिया का एक उदाहरण लिखिए।

ग) 'मोहन भोजन कर रहा था।' इस वाक्य को अपूर्ण वर्तमान में बदलिए।

घ) 'वह घर पर पढ़ता होगा।' इस वाक्य में काल भेद पहचानकर लिखिए।

**(खण्ड–ग)**

**प्र0 7 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1+2+2)**

आज देश में ऐसे लोगों की कमीं नहीं है, जो अपने पुरखों की चिट्ठियों को सहेज और सँजोकर विरासत के रूप में रखे हुए हों या फिर बड़े–बड़े लेखक, पत्रकारों, उद्यमी, कवि, प्रशासक, संन्यासी या किसान इनकी पत्र रचनाएँ अपने–आप में अनुसंधान का विषय हैं। अगर आज जैसे संचार साधन होते तो पंडित नेहरू

अपनी पुत्री इंदिरा को फ़ोन करते, पर तब 'पिता के पत्र पुत्री के नाम' नहीं लिखे जाते जो देश के करोड़ों लोगों को प्रेरणा देते हैं। पत्रों को तो आप सहेजकर रख सकते हैं पर एसएमएस संदेशों को आप जल्दी ही भूल जाते हैं। कितने संदेशों को आप सहेजकर रख सकते हैं ? तमाम महान हस्तियों की तो सबसे बड़ी यादगार या धरोहर उनके द्वारा लिखे गए पत्र ही हैं। भारत में इस श्रेणी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सबसे आगे रखा जा सकता है। दुनिया के तमाम संग्रहालय जानी मानी हस्तियों के पत्रों का अनूठा संकलन भी हैं। तमाम पत्र देश, काल और समाज को जानने–समझने का असली पैमाना हैं। भारत में आज़ादी के पहले महासंग्राम के दिनों में जो कुछ अंग्रेज़ अफ़सरों ने अपने परिवार जनों को पत्र में लिखे वे आगे चलकर बहुत महत्त्व की पुस्तक बन गए। इन पत्रों ने साबित किया कि यह संग्राम कितनी ज़मीनी मज़बूती लिए हुए था।

क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

ख) उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार अनुसंधान का विषय क्या है ?

ग) आज़ादी के पहले लिखे गए पत्र क्या साबित करते हैं ?

**प्र0 8 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X5=10)**

क) लेखक बदलू को बदलू मामा न कहकर बदलू काका क्यों कहता था ?

ख) लेखक को ऐसा क्यों लगा कि सारी बस ही इंजन है ?

ग) आपके सपनों का भारत कैसा होना चाहिए ? 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ के आधार पर लिखिए।

घ) आज लोग दोषी अधिक दिख रहे हैं, गुणी कम, क्यों ?

ङ) लेखक हर पेड़ को अपना दुश्मन क्यों समझ रहा था ?

**प्र0 9 नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1+2+2)**

हम दीवानों की क्या हस्ती,
हैं आज यहाँ कल वहाँ चले।
मस्ती का आलम साथ चला,
हम धूल उड़ाते जहाँ चले।
सब कहते ही रह गए, अरे !
तुम कैसे आए, कहाँ चले ?
आए बनकर उल्लास अभी,
आँसू बनकर बह चले अभी।

क) कवि और कविता का नाम लिखिए।

ख) 'धूल उड़ाते चलना' मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने शब्दों में एक वाक्य बनाइए ?

ग) दीवाने किस रूप में आते और जाते हैं ?

**प्र0 10 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X5=10)**

क) कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा ?

ख) आप पक्षी एवं बादल की चिट्ठियों के आदान–प्रदान को किस दृष्टि से देखते हैं ?

ग) बूढ़ी नानी की कहानियों में कौन–सी विशेषता पाई जाती है ? यह क्या साबित करता है ?

घ) कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं ?

ङ) 'मोल करो तरवार का पड़ा रहन दो म्यान'– पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

**प्र0 11 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (2X2=4)

**क)** 'भगवद्गीता' के विषय में आप क्या जानते हैं ?

**ख)** समुद्रगुप्त को 'भारत का नेपोलियन' क्यों कहा जाता है ?

**(खण्ड–घ)**

**प्र0 12 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए–** 5

नया ए0टी0एम0 कार्ड प्राप्त करने के लिए अपने बैंक के शाखा प्रबंधक को एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

व्यायाम का महत्त्व बताते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

**प्र0 13 किसी विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर सारगर्भित निबंध लिखिए–** 10

**क)** **खेल और स्वास्थ्य–** प्रस्तावना, खेल–स्वास्थ्य और भौतिक सुख, खेल के साधन, खेल–भूख–पाचन और आरोग्य, उपसंहार।

**ख)** **जीवन के लिए खतरा बनता प्रदूषण–**

प्रदूषण क्या है, प्रदूषण के प्रकार, प्रदूषण बढ़ाते उद्योग एवं विकास कार्य, प्रदूषण से बचाव, प्रदूषण रोकने में युवकों की भूमिका, उपसंहार।

**ग)** **बढ़ती आबादी विकट समस्या–**

जनसंख्या विस्फोट, जनसंख्या वृद्धि के कारण, जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न समस्याएँ, जनसंख्या रोकने के उपाय, नवयुवकों की भूमिका, उपसंहार।

–––00–––

29/9/18